प्रेस विज्ञप्ति

चन्दौली में लुटेरे गिरफ्तार:गैंग बनाकर वारदात को  देते थे अंजाम।

थाना बलुआ, स्वाट  व सर्विलान्स टीम ने दो लुटेरों को किया गिरफ्तार।

निजी खर्चो / आर्थिक लाभ के लिये लूट एवं छिनैती की घटना करते थे कारित।

अभियुक्तगणो के पास से लूट के 20500 रुपये तथा एक अदद स्मार्टफोन INFINIX कम्पनी का बरामद ।

चन्दौली ।  दिनांक 01.11.2023 को ग्राम सोनहुला स्थित राईस मिल के पास मिल मालिक शिवदयाल गुप्ता के मकान के बरामदे से उनकी पत्नी श्रीमती गीता देवी से दो अज्ञात अभियुक्तगण 50000/- रुपये चोरी कर भाग गये थे । जिसके सम्बन्ध में मिल मालिक शिवदयाल गुप्ता द्वारा थाना बलुआ पर प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराया गया था ।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय चन्दौली डा0 अनिल कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध अंकुश लगाने के क्रम में दिये गये निर्देश में व श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विनय कुमार सिंह तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी सकलडीहा श्री राजेश राय के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक महोदय श्री विनोद कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 जगदीश प्रसाद मय हमराह हे0का0 जिलाजीत सरोज व का0 अवनीश शुक्ला व निरीक्षक श्यामजी यादव प्रभारी सर्विलांस सेल जनपद चन्दौली (मय टीम) ,उ0नि0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह प्रभारी स्वाट टीम जनपद चन्दौली (मय टीम ) के साथ क्षेत्र मे मामूर होकर तलाश वांछित अभियुक्त व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन कर रहे थे कि मुखबिर सूचना पर ग्राम सराय स्थित फलाहारी दास बाबा मंदिर के पास बगीचे से मु0अ0सं0 236/2023 धारा 392/34/120बी/411 भादवि मे प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त 1. गुलशन उर्फ विशाल यादव पुत्र विपिन यादव निवासी ग्राम फूलपुर थाना चौबेपुर जिला वाराणसी 2. शंकर गुप्ता पुत्र रामदयाल गुप्ता निवासी ग्राम फूलपुर थाना चौबेपुर जिला वाराणसी को दिनांक 05.11.2023 को समय 14.45 बजे गिरफ्तार किया गया । जिसके सम्बन्ध में विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा विवेचना प्रचलित है ।

पूछताछ अभियुक्त.......... अभियुक्तगण 1. गुलशन उर्फ विशाल यादव पुत्र विपिन यादव निवासी ग्राम फूलपुर थाना चौबेपुर जिला वाराणसी 2.शंकर गुप्ता पुत्र रामदयाल गुप्ता निवासी ग्राम फूलपुर थाना चौबेपुर जिला वाराणसी से पूछताछ करने पर बता रहे है कि हम लोग तथा मेरा अन्य साथी शाहिल यादव पुत्र रामाश्रय यादव निवासी लखरांव थाना चौबेपुर जिला वाराणसी द्वारा क्षेत्र में लूट एवं छिनैती की घटना करते रहते हैं जो पैसा हम लोगों को हिस्से में मिलता है उससे हम लोग अपना खर्च चलाते हैं । शंकर गुप्ता द्वारा क्षेत्र में रैकी किया जाता है तथा अपने साथियों को सूचना देता है तथा हम लोग साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम

देते हैं। दिनांक 01.11.2023 को मेरा दोस्त शाहिल यादव उपरोक्त ने ग्राम सोनहुला स्थित राइस मिल मालिक के यहां उनकी पत्नी श्रीमती गीता देवी से उसके पास रखे 42000 रुपये की लूट किया था जिसमें हम दोनों लोग ने उसका सहयोग किया था।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-

1. गुलशन उर्फ विशाल यादव पुत्र विपिन यादव निवासी ग्राम फूलपुर थाना चौबेपुर जिला वाराणसी
2. शंकर गुप्ता पुत्र रामदयाल गुप्ता निवासी ग्राम फूलपुर थाना चौबेपुर जिला वाराणसी

बरामदगी का विवरणः-

1. अभियुक्त गुलशन उर्फ विशाल यादव पुत्र विपिन यादव निवासी ग्राम फूलपुर थाना चौबेपुर जिला वाराणसी के पास से लूट के 12300 रुपये तथा एक अदद स्मार्टफोन INFINIX कम्पनी का बरामद, ।

2. अभियुक्त शंकर गुप्ता पुत्र रामदयाल गुप्ता निवासी ग्राम फूलपुर थाना चौबेपुर जिला वाराणसी के पास से लूट के 8200 रुपये बरामद ।

गिरफ्तारी का स्थानः- ग्राम सरायरसूलपुर स्थित बाबा फलाहारी दास मंदिर के बगीचे से

समयः- 14.45 बजे दिनांक- 05.11.2023

आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0 236/23 धारा 392/34/120बी/411 भादवि0 थाना बलुआ जनपद चन्दौली

वांछित अभियुक्तः- शाहिल यादव पुत्र रामाश्रय यादव निवासी लखरांव थाना चौबेपुर जिला वाराणसी

आपराधिक इतिहास वांछित अभियुक्तः-

1. मु0अ0सं0 236/23 धारा 392/34/120बी/411 भादवि0 थाना बलुआ जनपद चन्दौली
2. मु0अ0सं0 365/23 धारा 393/323/504 भादवि थाना बलुआ जनपद चन्दौली
3. मु0अ0सं0 421/23 धारा 504/506 भादवि0 थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी

4. मु0अ0सं0 489/23 धारा 323/504/506 भादवि थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी

5. मु0अ0सं0 511/23 धारा 323/504 भादवि थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी

गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1. प्र0नि0 विनोद कुमार मिश्र थाना बलुआ जनपद चन्दौली

2. निरीक्षक श्यामजी यादव प्रभारी सर्विलांस सेल जनपद चन्दौली (मय टीम)

3. उ0नि0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह् प्रभारी स्वाट टीम जनपद चन्दौली (मय टीम )

4. उ0नि0 अभिषेक शुक्ला चौकी प्रभारी मारुफपुर थाना बलुआ जनपद चन्दौली

5. उ0नि0 अनिल कुमार यादव चौकी प्रभारी कैलावर थाना बलुआ जनपद चन्दौली

6. उ0नि0 जगदीश प्रसाद थाना बलुआ जनपद चन्दौली

7. हे0का0 जिलाजीत सरोज थाना बलुआ जनपद चन्दौली

8. हे0का0 चन्द्र प्रताप सिंह् थाना बलुआ जनपद चन्दौली

9. का0 अवनीश कुमार शुक्ला थाना बलुआ जनपद चन्दौली